9 फरवरी 2018

विश्व मामलों की भारतीय परिषद्

ISSUE BRIEF

कोरियाई प्रायद्वीप की स्थिति: छह पक्षों (उत्तर कोरिया, संयुक्त राज्य अमेरिका, दक्षिण कोरिया, चीन, रूस और जापान) की प्रतिक्रिया - किसने क्या कहा

1-9 फरवरी, 2018

डॉ जोजिन वी जॉन द्वारा संकलित *

देश	टिप्पणियाँ
उत्तर कोरिया	**चो योंग-साम - वरिष्ठ अधिकारी, विदेश मंत्रालय** 8 फरवरी, 2018[1] "हमने संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के साथ वार्ता करने के लिए कभी भीख नहीं मांगी है और ना ही भविष्य में कभी मांगेंगे।" "हम स्पष्ट रूप से कहते हैं कि हमारे दक्षिण कोरिया के दौरे के दौरान हम अमेरिकी पक्ष के साथ मिलने की इच्छा नहीं रखते है।" **केसीएनए** 6 फरवरी, 2018[2] "अगर अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने बड़े पैमाने पर संयुक्त सैन्य अभ्यास दुबारा

	शुरू किया, तो कोरियाई प्रायद्वीप की स्थिति वापस से तबाही की गंभीर अवस्था की ओर चली जाएगी और इसके लिए उकसाने वाले लोगों को हर तरह से जवाबदेह होंगे।”

1 "N.K. says it has no willingness to meet with U.S. at Olympics", The Yonhap News, February 8, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/02/08/0401000000AEN20180208001352315.html
2 "N. Korea warns South, U.S. against resumption of joint military drill", The Yonhap News, February 6, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/02/06/0401000000AEN20180206012900315.html

	"इस भयावह सैन्य कार्रवाई का उद्देश्य उत्तर- दक्षिण कोरिया के संबंधों बड़ी ही कठिनाई से आए सुधार ऊष्म वातावरण को ठंडा करने और विकास की प्रवृत्ति को उलटना है, जो कोरियाई प्रायद्वीप के तनाव को कम करने और शांतिपूर्ण वातावरण बनाने में जनवादी लोकतांत्रिक गणराज्य कोरिया (डीपीआरके) द्वारा किए गए निष्ठापूर्ण प्रयासों के प्रति एक प्रत्यक्ष चुनौती है।" **केसीएनए** 4 फरवरी, 2018[3] "डीपीआरके की सुप्रीम पीपल्स असेंबली के प्रधान परिषद् के अध्यक्ष किम योंग नाम के नेतृत्व में कोरिया जनवादी लोकतांत्रित गणराज्य की एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल जल्द ही 23 वें शीतकालीन ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए दक्षिण कोरिया का दौरा करेगी।"
संयुक्त राष्ट्र अमेरिका	**माइक पेंस - उप राष्ट्रपति** 8 फरवरी, 2018[4] "हम यह सुनिश्चित करने के लिए हर अवसर का लाभ उठाना जारी रखेंगे कि उत्तर कोरिया ओलंपिक की शक्तिशाली कल्पना और पृष्ठभूमि का उपयोग मानवाधिकारों के भयावह रिकॉर्ड और हथियारों के विकास के स्वरूपों और ऐसे मिसाइल लॉन्च के संचालन पर पर्दा डालने के लिए ना करे जिससे हमारे राष्ट्र और क्षेत्र के अन्य पड़ोसियों को भी खतरा हो।" "उत्तर कोरियाई लोगों के साथ किसी भी तरह की मुठभेड़ की संभावना हो सकती है , चाहे ये अनौपचारिक रूप से हो या चाहे एक बैठक के रूप में। जैसा कि मैंने कहा है , हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा कि आगे क्या-क्या होता है। 7 फरवरी, 2018[5] "संयुक्त राज्य अमेरिका और जापान हिन्द- प्रशांत क्षेत्र के सबसे बड़े खतरे : उत्तर कोरिया के दुष्ट शासन का सामना करना जारी रखेगा।"

3 "DPRK High-level Delegation to Visit S. Korea", KCNA, February 4, 2018, https://kcnawatch.co/newstream/1517781676-386577533/dprk-high-level-delegation-to-visit-s-korea/
4 "Remarks by Vice President Pence in Press Gaggle Before Air Force Two Departure", The White House, February 8, 2018, https://www.whitehouse.gov/briefings-statements/remarks-vice-president-pence-press-gaggle-air-force-two-departure/
5 "Remarks by Vice President Pence and Prime Minister Abe of Japan in Joint Statements", The White House, February 7, 2018, https://www.whitehouse.gov/briefings-statements/remarks-vice-president-pence-prime-minister-abe-japan-joint-statements/

"इस हफ्ते के अंत में, मुझे शीतकालीन ओलंपिक के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने का विशेषाधिकार मिलेगा। .....ओटो वार्मबीयर के पिता भी मेरे साथ रहेंगे।"

"जापान और हमारे सहयोगियों के साथ मिलकर, दुनिया को यह बताना चाहते हैं: हम तब तक अ पना अधिकतम दबाव अभियान गहन बनाना जारी रखेंगे जब तक उत्तर कोरिया सम्पूर्ण, सत्यापनीय और अपरिवर्तनीय विपरमाणुकरण की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाता।"

"इस संबंध में, मैं आज घोषणा करता हूँ कि संयुक्त राज्य अमेरिका जल्द ही उत्तर कोरिया पर लगाए जाने वाले आर्थिक प्र तिबंधों के सबसे कठिन और सबसे आक्रामक दौर का अनावरण करेगा। और हम उत्तर कोरिया को तब तक अलग-थलग करना जारी रखेंगे जब तक वह अपने परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम को हमेशा- हमेशा के लिए त्याग नहीं देता।"

7 फरवरी, 2018[6]

"प्रधान मंत्री महोदय, मैं आपसे और जापान के सभी लोगों से कहता हूं:

राष्ट्रपति ट्रम्प की ओर से, संयुक्त राज्य अमेरिका इस चुनौती में आपके साथ है, और हम जापान के लोगों, दक्षिण कोरिया के लोगों और इस क्षेत्र के हमारे सहयोगियों और साझेदारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे, जब तक हम कोरियाई प्रायद्वीप के विपरमाणुकरण का वैश्विक उद्देश्य हासिल नहीं कर लेते और उत्तर कोरिया ने इस क्षेत्र और पूरी दुनिया को जो उकसाया है और खतरा पैदा किया है , उसे समाप्त नहीं कर लेते।"

6 फरवरी, 2018[7]

"सभी विकल्प मेज पर हैं। लेकिन हम कोरियाई प्रायद्वीप के विपरमाणुकर ण के वैश्विक उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए उत्तर कोरिया के दुष्ट शासन पर बढ़ते आधार पर अधिकतम दबाव बनाना जारी रखने के लिए इस हफ़्ते दोहराएंगे - प्रधान मंत्री अबे, राष्ट्रपति मून के बगल में खड़े होकर - इन सभी राष्ट्रों और दुनिया भर के देशों के एक्यभाव को दोहराएंगे।"

"उत्तर कोरियाई प्रतिनिधिमंडल के साथ कोई बातचीत करने के संबंध में, मैंने बैठक

6 "Remarks by Vice President Pence and Prime Minister Abe of Japan Before Bilateral Meeting", The White House, February 8, 2018, https://www.whitehouse.gov/briefings-statements/remarks-vice-president-pence-prime-minister-abe-japan-bilateral-meeting/

7 "Press Gaggle by Vice President Pence", The White House, February 6, 2018, https://www.whitehouse.gov/briefings-statements/press-gaggle-vice-president-pence/

रखवाने का अनुरोध नहीं किया है , लेकिन हम देखते हैं कि क्या होता है। राष्ट्रपति ट्रम्प हमेशा से बातचीत करने में विश्वास करते हैं, लेकिन मैंने कोई बैठक रखवाने का अनुरोध नहीं किया है। लेकिन हम देखेंगे कि क्या होता है।"

जिम मैटिस - रक्षा सचिव

7 फरवरी, 2018[8]

"जहां तक कोरिया की स्थिति की बात है, यह सुदृढ़ रूप से कूटनीतिक मार्ग पर है। .. और, निश्चित रूप से , हम राज्य सचिव टिलरसन की विदेश नीति के प्रयासों का समर्थन करते हैं, जो साध्य सैन्य विकल्पों के साथ राष्ट्रपति द्वारा निर्देशित है।"

6 फरवरी, 2018[9]

"हम उत्तर कोरिया के खतरे से निपटने के लिए उनका (गुआम) का साथ देते रहेंगे।"

"टर्मिनल हाई आल्टीट्यूड एरिया डिफेन्स या थाड़ प्रणाली के अलावा हमने समुद्र में एजिस बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा अमेरिकी नौसेना युद्धपोत भी तैयार रखा है। हम इसे हमेशा प्रबलिकृत कर सकते हैं।"

"हमने वर्तमान जापानी समुद्र में भी उन जहाजों को तैयार रखा है और वो गुआम को कवर करने के लिए गतिशील तरीके से आना- जाना कर सकते हैं , जैसा की हमारी नौसेना कर रही है।"

रेक्स टिलरसन - राज्य सचिव

7 फरवरी, 2018[10]

"(दक्षिण कोरिया) उपराष्ट्रपति महोदय और हमें बस ये देख ना होगा कि आगे क्या होता है।"

"दक्षिण कोरियाई लोग उत्तर में कुछ प्रशिक्षण सुविधाओं का उपयोग कर रहे हैं , इसलिए आपसी आधार पर हमारी समझ यह है और उत्तर कोरिया के लोगों को ओलंपिक में भाग लेने के लिए कोई लाभ नहीं है , कोई नकद या कुछ और भुगतान नहीं किया जा रहा है। इसलिए, यह बहुत ही समान आधार पर है।"

8 "Press Briefing by Press Secretary Sarah Sanders and Secretary of Defense James Mattis", The White House, February 7, 2018, https://www.whitehouse.gov/briefings-statements/press-briefing-press-secretary-sarah-sanders-secretary-defense-james-mattis-02072018/
9 http://english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/02/07/0401000000AEN20180207000200315.html
10 "Interview With Rich Edson of Fox News", The US Department of State, February 6, 2018, https://www.state.gov/secretary/remarks/2018/02/278034.htm

	"मुझे यकीन नहीं है कि दक्षिण या अमेरिका को इससे कुछ भी मिलने की उम्मीद है।" "जहाँ तक दक्षिण कोरिया के लोगों द्वारा उत्तर कोरिया के लोगों को ओलंपिक में भाग लेने के लिए अनुमति देने का सवाल है, और आईओसी (अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति) की स्वीकृति के साथ भी , हमारी समझ ये कहती है कि , उत्तर कोरिया को दक्षिण कोरिया के लोगों से जो मिल रहा है , ओलंपिक में भाग लेते सभी प्रतिभागियों को मिलने वाली सुविधाओं के समान ही है।" **हीदर नोआर्ट - प्रवक्ता, विदेश विभाग** 6 फरवरी, 2018[11] "ओलंपिक के दौरान या बाद में किसी भी उत्तर कोरियाई अधिकारी से मिलने की कोई योजना नहीं है; मैं इस बारे में साफ करना चाहती हूँ। ऐसा करने की कोई योजना नहीं है।" **जोसेफ यून - उत्तर कोरिया के विशेष राजदूत** 5 फरवरी, 2018[12] उत्तर कोरिया के लिए अमेरिका के विशेष दूत जोसेफ यून ने, कोरियाई प्रायद्वीप शांति और सुरक्षा मामलों के लिए दक्षिण कोरिया के विशेष प्रतिनिधि ली डो- हून के साथ 5 फरवरी 2018 को मुलाकात करने के बाद कहा, "हम उत्तर कोरिया के साथ बातचीत शुरू करना चाहते हैं , हम एक विश्वसनीय संवाद करना चाहते हैं, एक ऐसा संवाद ... जो विपरमाणुकरण की ओर ले जा सकता है।" "यही हमारा लक्ष्य है , और निश्चित रूप से राष्ट्रपति मून ने भी इसी लक्ष्य पर बल दिया है।" **डोनाल्ड ट्रम्प - राष्ट्रपति** 2 फरवरी, 2018[13] "मैंने अभी-अभी दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति , राष्ट्रपति मून से फोन पर बात की है और वे (उत्तर कोरिया के साथ) आपस में बातचीत कर रहे हैं, क्योंकि ये ओलंपिक के बारे में है। और ये एक अच्छी बात है, बुरी बात नहीं है।"

11 "Department Press Briefing - February 06, 2018", US Department of State, February 6, 2018, https://www.state.gov/r/pa/prs/dpb/2018/02/278014.htm

12 "S. Korean, U.S. nuke envoys discuss ways to resume denuclearization talks", The Yonhap news, February 5, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/02/04/0401000000AEN20180204004653315.html

13 "Remarks by President Trump in Meeting with North Korean Defectors", The White House, February 2, 2018, https://www.whitehouse.gov/briefings-statements/remarks-president-trump-meeting-north-korean-defectors/

वक्तव्य - व्हाइट हाउस

2 फरवरी, 2018[14]

“राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रम्प ने आज कोरिया गणराज्य के राष्ट्रपति मून जे- इन और कोरियाई लोगों को सफल शीतकालीन ओलंपिक खेलों की शुभकामनाएं देने के लिए राष्ट्रपति मून जे-इन से बात की। दोनों नेताओं ने उत्तर कोरिया में मानवा धिकार की स्थिति सुधारने के महत्व पर चर्चा की और इस मुद्दे पर एक साथ मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।”

2 फरवरी, 2018[15]

“राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रम्प ने आज जापान के प्रधान मंत्री शिंजो बे के साथ बात की। राष्ट्रपति ट्रम्प ने उत्तर कोरिया पर अंतर्राष्ट्रीय दबाव बनाए रखने तथा कोरियाई प्रायद्वीप के चारों तरफ के समुद्री प्रतिबंधों को दरकिनार करने के उत्तर कोरिया के प्रयासों को नाकाम करने के लिए जापान के प्रयासों के लिए प्रधान मंत्री बे को धन्यवाद दिया। दोनों नेता उत्तर कोरिया के विपरमाणुकरण के लिए अंतर्राष्ट्रीय अधिकतम दबाव अभियान को गहन बनाने की आवश्यकता पर सहमत हुए।”

परमाणु रुख की समीक्षा - रक्षा विभाग

2 फरवरी, 2018[16]

“उत्तर कोरियाई अधिकारियों ने बल देकर कहा कि वे परमाणु हथियार नहीं छोड़ेंगे , और उत्तर कोरिया परमाणु हथियार संपन्न बैलिस्टि क मिसाइलों से संयुक्त राज्य अमेरिका पर हमला करने की क्षमता प्राप्त करने में केवल कुछ महीने के प्रयासों जितना दूर है।”

“इसके विस्तृत परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम पारंपरिक संचालन के समर्थन में परमाणु के पहले उपयोग की क्षमता का सुझाव देते हैं।”

“उत्तर कोरिया की वर्तमान और उभरती हुई परमाणु क्षमताओं ; मौजूदा रासायनिक, जैविक और पारंपरिक क्षमताएं; और बेहद उत्तेजक बयानबाजी और कार्रवाई को देखते हुए, यह संयुक्त राष्ट्र अमेरिका, इसके सहयोगियों और साझेदारों के लिए एक बहुत बड़ा खतरा बन गया है। नतीजतन, संयुक्त राज्य अमेरिका ने पुनः पुष्टि की कि उत्तर कोरिया की अवैध परमाणु कार्यक्रम को सम्पूर्ण, सत्यापनीय और अपरिवर्तनीय रूप से

	समाप्त किया जाना चाहिए , जिसके परिणामस्वरूप कोरियाई प्रायद्वीप परमाणु हथियारों से मुक्त होगा।”

14 "Readout of President Donald J. Trump’s Call with President Moon Jae-In", The White House, February 2, 2018, https://www.whitehouse.gov/briefings-statements/readout-president-donald-j-trumps-call-president-moon-jae/

15 “Readout of President Donald J. Trump’s Call with Prime Minister Shinzo Abe of Japan”, The White House, February 2, 2018, https://www.whitehouse.gov/briefings-statements/readout-president-donald-j-trumps-call-prime-minister-shinzo-abe-japan-6/

16 "Nuclear Posture Review", US Department of Defense, February 2, 2018, https://media.defense.gov/2018/Feb/02/2001872886/-1/-1/1/2018-NUCLEAR-POSTURE-REVIEW-FINAL-REPORT.PDF

	"उत्तर कोरिया के प्रति हमारी निरोधी रणनीति स्पष्ट करती है कि संयुक्त राज्य अमेरिका या उसके सहयोगियों और साझेदारों के खिलाफ उत्तर कोरिया का कोई भी परमाणु हमला अस्वीकार्य है और इसका परिणाम कोरियाई शासन का अंत होगा। ऐसा कोई परिदृश्य नहीं है जिसमें किम (जोंग-उन) शासन परमाणु हथियार का उपयोग कर बच सकता है।" "हम किम शासन को किसी भी राज्य या गैर- राज्य अभिकर्ता को परमाणु हथियार प्रौद्योगिकी, सामग्री या विशेषज्ञता हस्तांतरित करने के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार ठहराएंगे।" "यद्यपि उत्तर कोरिया की मिसाइल ताकतों का विस्तार हो रहा और तेजी से गतिशीलता बढ़ रही है, अमेरिका और सहयोगी राष्ट्रों की मिसाइल रक्षा ताकतें उत्तर कोरिया के मिसाइल धमकी के खिलाफ वृहद् रूप से स क्षम है, और संयुक्त राज्य अमेरिका के पास प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली और उत्तर कोरिया की मिसाइल लॉन्च होने से पहले ही उनकी मिसाइल क्षमताओं को ध्वस्त करने के लिए वार करने की आवश्यक क्षमता है। अगर उत्तर कोरिया मिसाइल धमकी देना जारी रखता है , तो हम उससे दो कदम आगे बने रहने के लिए आवश्यकतानुसार इन रक्षात्मक क्षमताओं में लगातार सुधार करेंगे, चीन या रूस के साथ हथियारों के होड़ को रोकने के लिए कदम उठाते रहेंगे।" **पैट्रिक शहनहान - रक्षा उप सचिव** 2 फरवरी, 2018[17] "उत्तर कोरिया के संबंध में, परमाणु त्रय की क्षमताएँ जो आज भी बनी हुई हैं, साथ ही पुनर्पूंजीकरण जिसके बारे में रिपोर्ट में चर्चा की गई है, और ऐसी कुछ पूरक क्षमताएं - ये सभी चीजें, विभिन्न परिस्थितियों में, हम उत्तर कोरिया के साथ जिस काल्पनिक परिदृश्यों को लेकर चिंता कर रहे हैं, उस काल्पनिक परिदृश्यों में प्रयोज्य होगी।" "दुर्भाग्य से, हमारी कुछ समस्याएँ, जो कुछ सालों पहले तक बनी हुई थीं , हमारे सामने जो खतरा है उसे देखते हुए, वास्तव में, अब काल्पनिक नहीं रही है।"

17 "News Briefing on the 2018 Nuclear Posture Review", The US Department of Defense, February 2, 2018, https://www.defense.gov/News/Transcripts/Transcript-View/Article/1431945/news-briefing-on-the-2018-nuclear-posture-review/

	डाना डब्ल्यू व्हाइट - मुख्य प्रवक्ता, पेंटागन 1 फरवरी, 2018[18] “कोरिया में ------ अक्सर परेड होते हैं।” “मुझे लगता है कि हमें अंतर- कोरिया वार्ता से प्रोत्साहित हुए हैं , और हम इसका समर्थन करते हैं। सियोल और वाशिंगटन के बीच कभी भी ऐसे घनिष्ठ संबंध नहीं रहे हैं, इसलिए हम अधिक प्रगति की आशा करते हैं।” **जोसेफ यून - कोरियाई प्रायद्वीप के लिए विशेष प्रतिनिधि** 2 फरवरी, 2018[19] 2 फरवरी, 2018 को अमेरिकी परमाणु दूत जोसेफ यून ने दक्षिण कोरिया के उप-संघीकरण मंत्री चुन हे-सुंग के साथ सियोल में एक बैठक की। “हम उत्तर कोरिया के साथ बातचीत शुरू करना चाहते हैं , हम एक विश्वसनीय संवाद करना चाहते हैं, एक ऐसा संवाद ... जो विपरमाणुकरण की ओर ले जाएगा।” “यही हमारा लक्ष्य है , और निश्चित रूप से राष्ट्रपति मून ने भी इसी लक्ष्य पर बल दिया है।” “मैंने उनसे कहा ... कि अमेरिका बेशक एक बहुत ही सुरक्षित , बहुत सफल ओलंपिक देखना चाहता है, और हम जो संभव हो, वो मदद करना चाहते हैं।” “और मैंने इस बात पर भी बल देते हुए उनसे कहा कि यह विपरमाणुकरण पर प्रगति करने का एक अच्छा अवसर है , जो निश्चित रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका का अंतिम लक्ष्य है। और कुछ आगामी तिथियों पर फिर से बात करने के लिए सहमत हुए।” **हीदर नोआर्ट - प्रवक्ता, व्हाइट हाउस** 1 फरवरी, 2018 “हमारी नीति किसी भी तरह से नहीं बदली है। हमारी नीति अब भी अधिकतम दबाव बनाने की नीति है। हम कोरियाई प्रायद्वीप का विपरमाणुकरण चाहते हैं।”

18 "Department Of Defense Press Briefing By Pentagon Chief Spokesperson Dana W. White And Joint Staff Director Lt. Gen. Kenneth F. McKenzie Jr. In The Pentagon Briefing Room", Th US Department of Defense, February 1, 2018, https://www.defense.gov/News/Transcripts/Transcript-View/Article/1430178/department-of-defense-press-briefing-by-pentagon-chief-spokesperson-dana-w-whit/

19 "Top U.S. nuke envoy says Washington wants 'credible dialogue' with N.K. for denuclearization", The Yonhap News, February 2, 2018, www.english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/02/02/0401000000AEN20180202008751315.html

	"(नाक से) खून बहने की कहानी - इस तरह की चीजें, मैं बताना चाहूंगी: हमारी नीति नहीं बदली है, हमारी नीति वहीं है।"
दक्षिण कोरिया	**वू वोन-शिक - फ्लोर लीडर, डेमोक्रेटिक पार्टी (सत्तारूढ़ दल)** 9 फरवरी, 2018[20] "हमें ओलंपिक का यथासंभव उपयोग शांति के एक चरण के रू प में करना है ताकि हम अंतर-कोरियाई वार्ता का द्वार खोल सकें।" "उत्तर कोरिया के प्रतिनिधिमंडल के साथ राष्ट्रपति मून की बैठक एक महत्वपूर्ण मोड़ होगी।" "आज की बैठक शुरू होने के साथ- साथ, मुझे उम्मीद है कि सरकार शांति से अंतर-कोरियाई संबंधों में सुधार करने में सक्षम होगी ताकि हम कोरियाई प्रायद्वीप पर शांति के मार्ग पर आगे बढ़ सकें।" **मून जे-इन - राष्ट्रपति** 8 फरवरी, 2018[21] "मेरा मानना है कि, संयुक्त राज्य अमेरिका के अटूट सिद्धांत और कोरिया और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच बहुत मजबूत और करीबी समन्वय की वजह से उत्तर कोरिया बातचीत करने और प्योंगचांग शीतकालीन ओलंपिक खेलों में भाग लेने के लिए तैयार हुआ है।" "और हम निश्चित रूप से इस अवसर का अधिकतम उपयोग करने की उम्मीद करते हैं ताकि प्योंगचांग शीतकालीन ओलंपिक खेल एक ऐसा स्थल बन सके जिसके कारण कोरियाई प्रायद्वीप के वि परमाणुकरण और कोरियाई प्रायद्वीप में शांति की स्थापना की बातचीत करना संभव हो सके।"

20 "Ruling party calls for effective use of Olympics to promote peace with N. Korea", The Yonhap News, February 9, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/02/09/81/0401000000AEN20180209003700315F.html

21 "Remarks by Vice President Pence and President Moon of the Republic of Korea Before Bilateral Meeting", The White House, February 8, 2018, https://www.whitehouse.gov/briefings-statements/remarks-vice-president-pence-president-moon-republic-korea-bilateral-meeting/

	"और एक बात जिस पर मैं हमेशा बल देना चाहूंगा , ये है कि कोरिया और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच घनिष्ठ सहयोग का अत्यधिक महत्व है। और मैं यह भी कहना चाहूंगा कि यह क्षण , जिसमें आप और मैं शामिल हैं , ये हमारे दोनों देशों के मध्य मौजूद घनिष्ठ सहयोग का प्रमाण है।" 8 फरवरी, 2018[22] "दक्षिण कोरिया-अमेरिका गठबंधन पहले से कहीं ज्यादा मजबूत है , और प्योंगचांग ओलंपिक का जश्न मनाने के लिए उप- राष्ट्रपति पेंस का कोरियाई दौरा , और उसके बाद नवंबर में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का राजकीय दौरा , दोनों देशों के लोगों के बीच के मजबूत सहयोग और बंधन को दर्शाने का मौका होगा।" "इस अवसर का सबसे अच्छा उपयोग करके , (मुझे) आशा है कि अंतर-कोरियाई वार्ता से परमाणु मुद्दे और कोरियाई प्रायद्वीप पर शांति की स्थापना का समाधान निकलेगा। इस संबंध में , हमें संवाद के लिए बहुआयामी प्रयास करने की आवश्यकता है।" **किम यूई-कीओम - प्रवक्ता, राष्ट्रपति कार्यालय** 8 फरवरी, 2018[23] "राष्ट्रपति मून ने 10 फरवरी को उत्तर कोरियाई प्रतिनिधिमंडल के साथ एक बैठक और दोपहर का भोजन आयोजित करने की योजना बनाई है।" 7 फरवरी, 2018[24] "हमारा मानना है कि उत्तर कोरिया के प्रतिनिधिमंडल , उत्तर कोरिया के प्योंगचांग शीतकालीन ओलंपिक खेलों का जश्न मनाने और तनाव कम करने की इच्छा को दर्शाते हैं।" **नोह क्यू-दुक - प्रवक्ता, विदेश मंत्रालय** 8 फरवरी, 2018[25]

22 "Moon, Pence reaffirm 'maximum pressure' approach to bring N.K. to denuclearization talks", The Yonhap News, February 8, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/02/08/0401000000AEN20180208014651315.html
23 "Moon to meet N. Korean delegates to PyeongChang on Saturday: Cheong Wa Dae", The Yonhap News, February 8, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/02/08/86/0401000000AEN20180208012251315F.html
24 "Seoul welcomes planned visit of N. Korean leader Kim's sister", The Yonhap News, February 7, 2018, www.english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/02/07/0401000000AEN20180207013000315.html
25 "S. Korea says exemptions to N.K. sanctions temporary during Olympics", The Yonhap New, February 8, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/02/08/54/0401000000AEN20180208005853315F.html

	“हमारा मूल रुख यह है कि हम प्योंगचांग शीतकालीन ओलंपिक को सफल बनाने की प्रक्रिया में उत्तर कोरिया पर लगाए गए प्रतिबंधों का संभावित उल्लंघन करके कोई विवाद पैदा नहीं करेंगे।” “हमें उम्मीद है कि आप समझते हैं कि (सरकार) ने खेलों का सफल संचालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक और न्यूनतम उपाय अपनाए हैं।” **वक्तव्य - संघीकरण मंत्रालय** 7 फरवरी, 2018[26] संघीकरण मंत्रालय के अनुसार, नेता किम जोंग-उन की छोटी बहन किम यो-जोंग, जो सत्तारूढ़ दल के अधिप्रचार एवं आलोड़न विभाग की उप-प्रमुख हैं, वे भी प्रतिनिधिमंडल में शामिल होंगी, जिसका नेतृत्व राज्य के आनुष्ठानिक अध्यक्ष किम योंग-नाम करेंगे। इस टीम में राष्ट्रीय खेल मार्गदर्शन समिति के अध्यक्ष चो ह्वी और उत्तर कोरिया अंतर-कोरियाई मामले के प्रभारी राज्य अभिकरण के अध्यक्ष री सोन-ग्वोन भी शामिल हैं। “सरकार प्रतिनिधिमंडल में शामिल लोगों - दलों, सरकार और खेल अधिकारियों - को महत्वपूर्ण मानती है, यह देखते हुए कि उनकी ये यात्रा शीतकालीन खेलों के उद्घाटन समारोह का जश्न मनाने के उद्देश्य से है।” **बेक ते-ह्यून - प्रवक्ता, संघीकरण मंत्रालय** 7 फरवरी, 2018[27] “उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया से (जहाज के लिए) ईंधन प्रदान करने के लिए कहा है। सरकार फिलहाल इसपर विचार कर रही है।” 5 फरवरी, 2018[28] यद्यपि कई उत्तर कोरियाई जहाजों को संयुक्त राष्ट्र द्वारा ब्लैकलिस्ट कर घाटबंदी में रखा गया था, उत्तर कोरियाई माल-यात्री नौका मैंगयोंगबोंग-92 अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों से मुक्त है।

26 "N.K. to send leader Kim Jong-un's sister to S. Korea this week", Yonhap News, February 7, 2018, www.english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/02/06/0401000000AEN20180206013552315.html

27 "N.K. asks S. Korea to offer fuel for ship that carried art troupe", The Yonhap News, February 7, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/02/07/0401000000AEN20180207005500315.html

28 "Free from int'l sanctions, N. Korean ferry needs nod from Seoul to sail to South: officials", The Yonhap News, February 5, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/02/05/0401000000AEN20180205009000315.html

	"मैंगयोंगबोंग-92 ना तो संयुक्त राज्य अमेरिका के एकतरफा प्रतिबंधों, और ना ही संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों के अधीन है।" "हालांकि हमारे 25 मई के उत्तर कोरियाई प्रतिबंधों के कारण , उत्तर कोरियाई जहाज हमारे समुद्रों में प्रवेश और नौचालन करने से प्रतिबंधित हैं , (सरकार) ओलंपिक को सफलतापूर्वक आयोजित करने के दा व के रूप में प्रतिबंधों से छूट प्रदान करने पर विचार कर रही है।" "सियोल अमेरिकी और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के साथ निकट समन्वय के माध्यम से सुनिश्चित करेगा कि (नौका की यात्रा) इससे किसी भी प्रतिबंधों का उल्लंघन ना हो।" "भले ही अल्प मात्रा में पेट्रोलियम प्रदा न की गई है, लेकिन इससे कोई समस्या खड़ी होने की संभावना नहीं है अगर निश्चित मात्रा के तहत ईंधन प्रदान की जाती है और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् को सूचित किया जाता है।" 5 फरवरी, 2018[29] "सरकार इस तरह से तैयारियां करने की योजना बना रही है कि दक्षिण कोरिया और उत्तर कोरिया के उच्च- स्तरीय सरकारी अधिकारियों के बीच की वार्ता , उत्तर कोरियाई प्रतिनिधिमंडल की ओलंपिक उद्घाटन समारोह में उपस्थिति और यहाँ रहने के दौरान अन्य खेल आयोजनों के दौरान हो सके।" "सरकार को उम्मीद है कि उच्च- स्तरीय उत्तर कोरियाई प्रतिनिधिमंडल का आगामी दौरा शांति की ओलंपिक संचालित करने , कोरियाई-कोरियाई संबंधों को बहाल करने और कोरियाई प्रायद्वीप में शांति बनाने में मील का पत्थर साबित होगी।" **अधिकारी - राष्ट्रपति कार्यालय** 5 फरवरी, 2018[30] "ओलंपिक उद्घाटन समारोह की शुरुआत में राष्ट्रपति मून उत्तर को रियाई नेता किम के साथ मुलाकात करेंगे।" "लेकिन ये एक ऐसा विषय है जिस पर अग्रिम रूप से उत्तर कोरिया के प्रतिनिधिमंडल के साथ चर्चा की जानी चाहिए कि क्या किम राष्ट्रपति मून के साथ अलग से मुलाकात करेंगे या नहीं।"

29 "S. Korea seeks to arrange high-level talks with with N. Korean delegates: ministry", The Yonhap News, February 5, 2018, www.english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/02/05/0401000000AEN20180205005000315.html
30 "Moon considering meeting one-on-one with N. Korea's ceremonial leader: Cheong Wa Dae", Yonhap News, February 5, 2018, english.yonhapnews.co.kr/national/2018/02/05/0301000000AEN20180205002551315.html

5 फरवरी 2018

"उत्तर कोरिया की अंतर- कोरियाई संबंधों में सुधार करने और प्योंगचांग खेलों को सफल बनाने में मदद करने की इच्छा प्रतिबिंबित करता है।"

"क्योंकि संविधान के अनुसार राज्य के प्रमुख होने के नाते किम योंग- नाम पर शिखर सम्मेलन के राजनय की जिम्मेदारी है , उत्तर कोरिया अपने तरीके से दक्षिण कोरिया के प्रति कुछ अनिष्ठा दिखा रहा है।"

बेक ते ह्यून - प्रवक्ता, संघीकरण मंत्रालय

5 फरवरी, 2018[31]

"सरकार इस तरह से तैयारियां करने की योजना बना रही है कि दक्षिण कोरिया और उत्तर कोरिया के उच्च- स्तरीय सरकारी अधिकारियों के बीच की वार्ता , उत्तर कोरियाई प्रतिनिधिमंडल की ओलंपिक उद्घाटन समारोह में उपस्थिति और यहाँ रहने के दौरान अन्य खेल आयोजनों के दौरान हो सके।"

"सरकार को उम्मीद है कि उच्च- स्तरीय उत्तर कोरियाई प्रतिनिधिमंडल का आगामी दौरा शांति की ओलंपिक संचालित करने , कोरियाई-कोरियाई संबंधों को बहाल करने और कोरियाई प्रायद्वीप में शांति बनाने में मील का पत्थर साबित होगी।"

5 फरवरी, 2018[32]

उत्तर कोरिया ने 4 फरवरी, 2018 को दक्षिण कोरिया को सूचित किया कि वो 140 सदस्यों वाले समजियोन कला मंडली को जहाज से भेजने की योजना बना रहा है। हालांकि, दक्षिण कोरियाई बंदरगाह पर उत्तर कोरियाई जहाज का आगमन सियोल के एकतरफा प्रतिबंधों का उल्लंघन करता है। इस मामले में, संघीकरण मंत्रालय ने कहा,

"24 मई के प्रतिबंधों के अनुसार उत्तर कोरियाई जहाज का दक्षिण कोरियाई बंदरगाह में प्रवेश करना निषिद्ध है। लेकिन हम प्योंगचांग खेलों को सफल बनाने के लिए इसकी छूट देने पर विचार कर रहे हैं।"

"जहाँ तक अमेरिका के प्रतिबंधों की बात है, तो ये ध्यान में रखने के लिए कि इस कदम से प्रतिबंधों का उल्लंघन ना हो , हम अमेरिका समेत अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के साथ करीब से परामर्श करेंगे।"

31 "S. Korea seeks to arrange high-level talks with with N. Korean delegates: ministry", The Yonhap news, February 5, 2018, www.english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/02/05/0401000000AEN20180205005000315.html

32 "N.K. offers to send art troupe to S. Korea by ferry this week", The Yonhap News, february 5, 2018, www.english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/02/05/0401000000AEN20180205003551315.html

	नोह क्यू-दुक - प्रवक्ता, विदेश मंत्रालय 1 फरवरी, 2018[33] “हमने आंकलन किया है कि (संबोधन) एक बार फिर उत्तर कोरियाई परमाणु मुद्दे के समाधान के प्रति अमेरिका के दृढ़ संकल्प को उजागर करती है।” “दक्षिण कोरिया और अमेरिका अपने रुख और स्थिति को साझा करता है कि वो उत्तर कोरिया को विपरमाणुकरण के वार्ता मेज तक लाने के लिए प्रतिबंधों और दबाव सहित उपलब्ध सभी राजनयिक प्रयासों को आगे बढ़ाएंगे।” “देशों ने अपना समन्वय जारी रखा है और प्रतीत होता है कि नवीनतम संबोधन उसी संबंध में दिया गया है।”
चीन	**वांग यी - विदेश मंत्री** 8 फरवरी, 2018[34] “कोरियाई प्रायद्वीप का सबसे बड़े पड़ोसी देश होने के नाते चीन हाल में हुई सकारात्मक वार्ता के प्रति समर्थन व्यक्त करता है।” “कोरियाई प्रायद्वीप पर बातचीत और परामर्श के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ना केवल दोनों पक्षों , बल्कि सभी उचित पक्षों की तरफ से प्रयास की जाने की आवश्यकता है।” “हमें उम्मीद है कि प्योंगचांग शीतकालीन ओलंपिक के दौरान की जाने वाली वार्ता नियमित रूप से आयोजित की जाएगी।” **गेंग शुआंग - प्रवक्ता, विदेश मंत्रालय** 7 फरवरी, 2018[35] “कोरियाई प्रायद्वीप मुद्दे की जड़ डीपीआरके और अमेरिका के बीच विरोधाभास है। इस मुद्दे में प्रत्यक्ष रूप से शामिल पक्ष होने के नाते , डीपीआरके और अमेरिका को आपसी समझ बढ़ाना चाहिए और बातचीत के जरिए आपसी विश्वास बनाना चाहिए ताकि इस मुद्दे के अंतिम समाधान का मार्ग प्रशस्त हो सके।"

33 "S. Korea lauds Trump address for pledging firm will to resolve N. Korean nukes", Yonhap News, February 1, 2018, www.english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/02/01/0401000000AEN20180201009600315.html
34 "Chinese FM calls on DPRK, ROK to maintain interactions", Xinhua, February 8, 2018, www.xinhuanet.com/english/2018-02/08/c_136959492.htm
35 "Foreign Ministry Spokesperson Geng Shuang's Regular Press Conference", Ministry of Foreign Affairs, PRC, February 7, 2018, www.fmprc.gov.cn/mfa_eng/xwfw_665399/s2510_665401/2511_665403/t1532736.shtml

	"वर्तमान में, कोरियाई प्रायद्वीप की स्थिति सुलझती दिख रही है, जिसे पाना आसान नहीं है। डीपीआरके और अमेरिका के बीच सीधा संवाद गति को मजबूत करने और प्रायद्वीप मुद्दे के राजनीतिक समाधान की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में मदद करेगा।"
रूस	**एलेग्जेंडर मत्सेगोरा - उत्तर कोरिया के लिए राजदूत** 8 फरवरी, 2018[36] "फिलहाल इसकी संभावना बहुत अधिक नहीं है। हमारा मानना है कि छह-पक्षीय प्रारूप निश्चित रूप से सही रहेगा। हालांकि, यह अगले चरणों में भी यथार्थ होगा। वर्तमान ये काम करना है कि प्योंगयांग और सियोल के संबंधों का तनाव कम करना है और उत्तर कोरिया और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच का तनाव कम करने की कोशिश करना है।" "इस समय का मुद्दा है एक द्विपक्षीय प्रारूप में काम करना।" 7 फरवरी, 2018[37] "वर्तमान की स्थितियां बेहद अच्छी हैं, ओलंपिक खेलों [प्योंग चांग में], ओलंपिक युद्धविराम और कोई [सैन्य] अभ्यास ना होने के साथ-साथ सभी का रवैया सकारात्मक बना हुआ है।" "हम उनसे अपील करते हैं: प्यारे दोस्तों, चलो शुरुआत करते हैं!" **एलेग्जेंडर टिमोनिन- दक्षिण कोरिया के लिए राजदूत** 6 फरवरी, 2018[38] "रूस अंतर-कोरियाई संपर्कों में प्रतिबिंबित कोरियाई प्रायद्वीप की स्थिति में आए सकारात्मक बदलावों का स्वागत करता है, जो जनवरी में हुआ था और जिसके परिणामस्वरूप प्योंगचांग में ओलंपिक शीतकालीन खेलों में उत्तर और दक्षिण कोरिया की संयुक्त भागीदारी से संबंधित महत्वपूर्ण समझौते हुए थे।"

36 "Revival of six-party talks on North Korea unlikely now —Russian ambassador", TASS, February 8, 2018, http://tass.com/politics/989032
37 "Russia calls on North Korea, US to start talks — Russian ambassador to Pyongyang", TASS, February 7, 2018, http://tass.com/world/988790
38 Russia expects Seoul, Pyongyang to maintain contacts after Olympics", TASS, February 6, 2018, http://tass.com/politics/988690

	“हमें उम्मीद है कि समझौतों पर कार्यान्वयन के माध्यम से तनाव कम होंगे और दक्षिण पूर्व एशिया में शांति सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।”
जापान	**शिंजो अबे - प्रधानमंत्री** 7 फरवरी, 2018[39] “हम अंतर- कोरियाई वार्ता की प्रगति का सम्मान करते हैं , लेकिन हमें इस वास्तविकता को स्वीकार करने की आवश्यकता है कि उत्तर कोरिया लगातार परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों का अनुसरण कर रहा है।” “आज, मैंने एक बार फिर उप-राष्ट्रपति पेंस के साथ ये मान्यता साझा की कि जापान, अमेरिका और दक्षिण कोरिया को हर संभव उपाय के माध्यम से उत्तर कोरिया के खिलाफ अधिकतम दबाव बनाने की आवश्यकता है। मैं हमारी उत्तर कोरिया नीति को पूरी तरह से समन्वित करने में सक्षम था।” **योशिहिडे शुगा - मुख्य कैबिनेट सचिव** 7 फरवरी, 2018[40] “यह संभावना है कि उत्तर कोरिया अपने परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों से दुनिया का ध्यान हटाने और आगामी घटनाक्रमों के अनुसार अपना कदम आगे बढ़ाने के लिए समय लेने की कोशिश कर रहा है।” “हम उत्तर कोरिया की मुस्कान कूटनीति से प्रभावित नहीं हो सकते हैं।”

***

** डॉ जोजिन वी जॉन, रिसर्च फेलो, इंडियन काउंसिल ऑफ वर्ल्ड अफेयर्स, नई दिल्ली।*

अस्वीकरण: इसमें व्यक्त किए गए विचार शोधकर्ता के हैं, परिषद के नहीं।

39 "Abe and Pence say no divide on North Korea during Tokyo meeting, warn against Pyongyang's 'smile diplomacy'", The Japan Times, February 7, 2018, https://www.japantimes.co.jp/news/2018/02/07/national/politics-diplomacy/pence-views-japans-missile-defense-site-north-korea-agenda-talks/#.WnozJuhuaM9
40 Ibid